भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 637

07 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए

रेलवे रैक की कमी

637. श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के पूर्वी हिस्से में स्थित इस्पात संयंत्र रेलवे रैक की भारी कमी से प्रभावित हैं जिससे आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ख) क्या इस मुद्दे को रेल मंत्रालय के साथ उठाया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस्पात उद्योग के लिए रेलवे रैक की कमी दुबारा न हो, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): सामान्यत: लौह अयस्क के लिए रैकों की कोई कमी नहीं है क्योंकि लौह अयस्क ले जाने के लिए समर्पित परिवहन साधन (फ्लीट) हैं। तथापि, इस्पात क्षेत्र एवं विद्युत क्षेत्र द्वारा रैकों की मांग में वृद्धि होने से कुछ मौकों पर रैकों की कमी हुई है जिनका रेलवे के साथ चर्चाएं करके समाधान कर लिया जाता है।

*****